an>

title: Regarding railway infrastructure facilities to be provided in Allahabad Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री केशव प्रसाद मौर्य (फूलपुर): महोदया, मैं उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक फूलपुर संसदीय क्षेत्र से चुनकर आया हूँ। यह सीट देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की भी थी, लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है। वहाँ बहुत सारी समस्यायें हैं।

मैं आज रेलवे से संबंधित कुछ विषय आपके संज्ञान में लाते हुए माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि इलाहाबाद शिक्षा का एक बड़ा केन्द्र है। रेलवे ने एक विश्वविद्यालय बनाने की घोषणा की है। इलाहाबाद में झूंसी एक स्थान है, वहाँ रेलवे की बहुत लैंड भी है। मैं आपके माध्यम से रेलवे का विश्वविद्यालय वहाँ खोलने की माँग करता हूँ। पूर्व में वहाँ पर एक रेल कोच फैक्ट्री स्वीकृत हुई थी, लेकिन बाद में वह कहाँ चली गई, इसकी मुझे जानकारी नहीं है, लेकिन वहाँ पर कोई उत्पादन की इकाई हो सकती है। वह बहुत बड़ा शिक्षा का हब है, बड़ी संख्या में वहाँ से शिक्षित बेरोजगार निकलते हैं, उनके लिए एक ऐसा केन्द्र बन जाए, उत्पादन की कोई ईकाई स्थापित हो, यह मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूँ।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहूँगा कि इलाहाबाद से एक दूरंतो ट्रेन चलती है, वह प्रतिदिन नहीं चल रही है। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि दूरंतो को प्रतिदिन किया जाए। भुवनेश्वर और राँची के लिए राजधानी का इलाहाबाद में ठहराव किया जाये। उसे प्रतिदिन कर दिया जाये।

माननीय अध्यक्ष : पूरे रेल मंत्रालय की बात आप कर रहे हैं।

श्री केशव प्रसाद मौर्य: महोदया, मैं बस एक निवेदन करना चाहता हूँ। मुझे आधा मिनट दीजिए। *â€¦** शायद सभी सदस्य इससे सहमत होंगे।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। आई ऐम सॉरी। आप बैठिए।

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।